भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या648**

दिनांक 29.04.2015/09 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**लापता बच्चों के लिए 'ऑपरेशन स्माइल' की तरह से कार्य करने हेतु राज्यों को निदेश**

**648 श्री ए.के. सेल्वाराजः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह भी सच है कि लापता बच्चों की बरामदगी हेतु गाजियाबाद पुलिस के 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान की तरह से कार्य करने हेतु राज्यों के लिए सरकार निदेश का परिणाम केवल एक महीने में 2,500 से अधिक लापता बच्चों के बचाव के रूप में आया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैः
(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार को भावी ऑपरेशन हेतु भी उपरोक्त के संबंध में राज्य सरकारों से अत्यंत सकारात्मक जवाब मिला है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैः और?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) से (घ) : गृह मंत्रालय ने " आपरेशन स्माइल" की भांति जनवरी, 2015 के महीने में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को एक सतत अभियान प्रारम्भ करने की सलाह दी थी। इस अभियान के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथाउपलब्ध बचाए गए बच्चों के ब्यौरे अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।**

**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने आश्रय गृहों/अनाथालयों में बच्चों की पहचान, उनकी जांच-पड़ताल और अभिलेखीकरण के लिए एक समर्पित अभियान शुरू किया और इस प्रयोजनार्थ पुलिस कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया।**

**********

**अनुलग्नक-I**

**लोक सभा अता. प्रश्न सं. 648**

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | ढूंढकर लाए गए बच्चे |
|---|---|---|
| 1. | बिहार | 122 |
| 2. | कर्नाटक | 65 |
| 3. | मध्य प्रदेश | 711 |
| 4. | राजस्थान | 80 |
| 5. | सिक्किम | 193 |
| 6. | उत्तराखंड | 188 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | 855 |
| 8. | पश्चिम बंगाल | 754 |
| 9. | चंडीगढ़ | 50 |
| 10. | त्रिपुरा | 15 |
| | कुल | 3030 |